# प्राथमिक शाला बाघाडोला में आयोजित हुआ सामाजिक अंकेक्षण

❐ सरपंच सहित अनेक गणमान्य नागरिक की उपस्थिति में हुआ बच्चों का स्तर जांच

❐ गुणवत्ता जांच के लिए की गई आयोजित



**रायगढ़।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय बाघाडोला में रविवार अवकाश दिवस पर जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला, जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र चौधरी, सहायक परियोजना समन्वयक भुवनेश्वर पटेल के दिशा-निर्देश व विकास खंड शिक्षा अधिकारी पुसौर दिनेश पटेल के मार्गदर्शन में व प्रभारी बीआरसी शांति ठाकुर की उपस्थिति में आज एफएलएन आधारित सामाजिक आंकलन ब्लॉक द्वारा नामांकित टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर माध्यमिक विद्यालय पंचपारा से गुणमणि गुप्ता, हाई स्कूल पंचपारा के व्याख्याता रीना, सीएसी सोड़ेकेला पंचानन निषाद, प्राथमिक विद्यालय कोसमंदा सरोजनी द्वारा तीसरी से पाँचवी कक्षा के प्रत्येक बच्चों को सरल टूल का उपयोग करते हुये हिन्दी विषय पर अनुच्छेद स्तर से पढ़ाई का स्तर जांच किया गया जो बच्चे अनुच्छेद पढ़ ले रहे थे उन्हें कहानी स्तर की समझ को पुछा गया जो बच्चे अनुच्छेद स्तर को नही कर पा रहे थे उन्हें शब्द या वर्ण स्तर पर पढऩे का अवसर प्रदान किया जा रहा था। इस प्रकार विकास खंड द्वारा नामाकित टीम द्वारा हिन्दी विषय का स्तर जांच किया गया। हिन्दी विषय के साथ गणितीय कौशल हेतु घटाव से शुरू कर गुणा एव भाग स्तर तक तथा घटाव की प्रक्रिया नही कर पाने पर जोड़ व संख्या स्तर तक बच्चों से प्रश्न पुछा गया इस प्रकार अन्य विषयों को समावेश करते हुये स्तर जाच टीम द्वारा समुदाय के बीच मे प्राथमिक शाला बाघाडोला का सामाजिक अंकेक्षण किया गया।

प्राथमिक विद्यालय बाघाडोला के सामाजिक अंकेक्षण के दौरान प्रमुख रूप से संकुल नोडल प्राचार्य आनंदराम पटेल, सरपंच सुमति लेकरु देहरी, संकुल शैक्षिक समन्वयक श्रवण कुमार साव, शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष राखी चौहान एवं नव नियुक्त प्रधान पाठक सुनीता प्रधान व सहयोगी शिक्षक नीतू प्रधान, जानकी गुप्ता व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थिति रहे। नामांकित सदस्यों एवं ग्रामीणजनों ने शाला के बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता पर प्रसन्नता व्यक्त किया।

# कमला नेहरू पार्क की बदल रही सूरत, कलेक्टर सिन्हा के निर्देश पर जिंदल ने चालू किया काम



**रायगढ़।** रायगढ़ के चक्रधर नगर चौक में स्थित शहर के प्रमुख सैरगाह कमला नेहरू पार्क की सूरत अब बदलने लगी है। दीवारों पर नया रंग हो रहा है। पाथवे की साफ -सफाई और टूट-फूट की मरम्मत शुरू हो गई है। जल्द ही इस पार्क की नई तस्वीर लोगों के सामने होगी। दरअसल कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश के बाद जिंदल प्रबंधन ने कमला नेहरू पार्क के जीर्णोद्धार का काम शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि कमला नेहरू पार्क में रोजाना काफी तादात में शहरवासी सुबह और शाम की सैर,कसरत और योगाभ्यास के लिए पहुंचते हैं। बच्चे भी यहां बड़ी संख्या में खेलने के लिए आते हैं। इतवार को यह पार्क पूरे दिन गुलजार रहता है। ऐसे में यहां लोगों की सुविधा के लिए तमाम जरूरी सुविधाओं के साथ एक साफ-सुथरा परिसर हो इस उद्देश्य से कलेक्टर सिन्हा ने पहल करते हुए जिंदल उद्योग प्रबंधन को पार्क के मरम्मत के लिए निर्देशित किया है। जिसके पश्चात यहां काम शुरू कर दिया गया है। जिससे अब पार्क नए रूप में दिखना शुरू हो रहा है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने जिले में पदस्थापना के साथ एक ओर जहां प्रशासनिक कसावट के लिए निरंतर विभागों की समीक्षा कर कार्यो को बेहतर करने अधिकारियों को निर्देशित कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर जिले में अधोसंरचनात्मक विकास को भी लगातार गति दे रहे हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### तालाब में डूबने से युवक की मौत

**कोरबा (आरएनएस)।** सुबह घर से शौच के लिए गए युवक की तालाब में डूबकर मौत हो गई। मामले में श्यांग पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। जनपद पंचायत कोरबा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बासीन निवासी अबीलाल पिता सहदेव 23 शनिवार की सुबह शौच के लिए तालाब गया था। जहां से वह वापस नहीं लौटा। परिजन जब खोजबीन करते हुए तालाब के तरफ गए तो उनके होश उड़ गए। वहां तालाब के पानी में अबीलाल का शव नजर आया। घटना की सूचना श्यांग थाना में दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची। शव को तालाब से बाहर निकाला गया। फिर मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसके बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजन को सौंप दिया गया।

### महिला ने बीच चौराहे पर पीया जहर, लेडी कांस्टेबल ने बचाया

**कोरबा (आरएनएस)।** पारिवारिक कारण से शहर के एक प्रतिष्ठित परिवार की महिला ने चौराहे पर आकर जहर पी लिया। इसकी जानकारी मिलने पर कोतवाली की लेडी कांस्टेबल ने समय पर अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचा ली। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र के अग्रसेन चौक का है, जहां समीप निवासरत एक प्रतिष्ठित परिवार की महिला जहर से भरी शीशी लेकर पहुंची। वह सरेराह जहर पी गई। आसपास मौजूद लोगों ने पूरा घटनाक्रम देखा, लेकिन उसे बचाने की कोशिश नहीं की। इस दौरान एक युवक सिटी कोतवाली पहुंचा, जहां उसने महिला द्वारा जहर पी लेने की सूचना दी। थाने में पदस्थ लेडी कांस्टेबल रेहाना फातिमा मौके पर पहुंची। महिला बेहोश हो गई थी। लेडी कांस्टेबल ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के बाद महिला की हालत में सुधार आया। देरी होने पर जान जा सकती थी। महिला के परिजन को फोन कर अस्पताल बुलाया। पूरी घटना अग्रसेन चौक पर स्थित एक दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस के मुताबिक शिकायत और जांच के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

### नहीं मिली सरकारी नौकरी तो शिक्षिका ने कर ली आत्महत्या

**कोरबा (आरएनएस)।** नगर निगम क्षेत्र के सर्वमंगला नगर निवासी संगीता केवट क्षेत्र के एक निजी स्कूल में शिक्षिका थी। वह लंबे समय से सरकारी नौकरी पाने के लिए लगातार परीक्षा दे रही थी, लेकिन नौकरी नहीं लगने से वह परेशान थी। आखिर में हताश होकर संगीता केवट ने शनिवार को जहर पी लिया। हालत बिगडऩे पर परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस का अनुमान है कि संगीता अविवाहित थी। रोजगार के लिए सफलता हासिल नहीं मिलने पर उसने आत्मघाती कदम उठाया होगा। हालांकि वास्तविक कारण जांच के बाद सामने आ सकेगी।

### केंदई रेंज में ग्रामीणों ने तेंदुए को देखा, बाघ की अफवाह

**कोरबा (आरएनएस)।** कटघोरा वन मंडल के केंदई रेंज में हाथियों के बाद अब तेंदुए की दहशत है। ग्रामीणों ने तेंदुए को देखा भी है। इसकी वजह से गांवों में बाघ आने की अफवाह भी तेजी से फैल गई है। रेंज में अभी 8 हाथी लालपुर और एक हाथी कोरबी क्षेत्र में घूम रहा है। केंदई रेंज में 2 महीने पहले तेंदुए ने जानवर का शिकार किया था। गर्मी का समय होने की वजह से जंगली जानवर गांव के करीब आ जाते हैं। तेंदुआ भी गोल्डन आईलैंड से लेकर परला नवापारा की ओर घूमते रहता है। हाथी अभी जंगल में ही ज्यादा समय बिता रहे हैं। कई बार चोटिया मार्ग पर पहुंचने से आवाजाही भी बंद हो जाती है। केंदई रेंजर अभिषेक दुबे ने बताया कि तेंदुए ने अभी कोई शिकार नहीं किया है। क्षेत्र में काफी समय से विचरण कर रहा है। हाथियों की निगरानी कराई जा रही है। डूबान क्षेत्र में हाथी अधिक समय बिता रहे हैं। इधर कोरबा वन मंडल में भी 57 हाथियों का झुंड जंगल में ही मौजूद है। इसके बाद भी ग्रामीणों में दहशत बना हुआ है। शहर से आगे बढ़े हाथियों का झुंड करतला रेंज होते हुए धरमजयगढ़ की ओर बढ़ रहा है। झुंड में बच्चे होने से हाथी 10 से 15 किलोमीटर की दूरी तय कर रहे हैं।

### चाकू लेकर घूम रहा युवक पकड़ाया

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर पुलिस ने शहर में चाकू लेकर घूम रहे युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से खंजरनुमा चाकू जब्त किया है। मिली जानरकारी के अनुसार उरला पुलिस पेट्रोलिंग को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति मेन रोड उरला में खंजरनुमा चाकू रखकर घूम रहा है तथा लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर तत्काल उरला पुलिस द्वारा शीघ्र घेराबंदी की कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा आरोपी युवक के विरूद्ध धारा 25,27 आम्र्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

# नाबालिक को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

❐ पूंजीपथरा पुलिस ने दुष्कर्म और पास्को एक्ट में आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

**रायगढ।** गत दिसंबर माह में पूंजीपथरा क्षेत्र से लापता हुई किशोर बालिका (उम्र 17 साल) को पूंजीपथरा पुलिस द्वारा बालिका को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वालेआरोपी युवक गौतम राठिया (उम्र 20 साल) के पास से दस्तयाब किया गया है। बालिका के परिजन 2 जनवरी को थाना पूंजीपथरा में बालिका के गुम हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। बालिका के पिता बताए कि उसकी बड़ी लड़की 10 दिसंबर के शाम करीब 7:00 बजे घर से अकेली निकली जिसे गांव आसपास पता तलाश किए नहीं मिली। बालिका की खोजबीन दौरान गांव का लड़का गौतम राठिया के भी घर पर नहीं होने की जानकारी मिली। परिजनों शंका जताये कि गौतम राठिया ही बालिका को कहीं भगा ले गया है। पूंजीपथरा पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 363 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर बालिका एवं संदेही का पतासाजी किया जा रहा था। इस दौरान संदेही के महासमुंद क्षेत्र में उसके परिचित के यहां शरण लेने की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक जितेंद्र एसैया द्वारा अपने स्टाफ के माध्यम से संदेही एवं गुम बालिका का पता तलाश कराये, दोनों वहां से अन्यत्र चले गये थे। पूंजीपथरा पुलिस लगातार दबिश देकर संदेही पर गिरफ्तारी के लिए दबाव बनाया जा रहा था कि आज संदेही के उसके गांव आने की सूचना थाना प्रभारी पूंजीपथरा को प्राप्त होने पर थाना प्रभारी ने तत्काल संदेही की पतासाजी के लिये स्टाफ रवाना किये। दबिश पर संदेही गौतम राठिया के पास गुम किशोर बालिका मिली। महिला पुलिस अधिकारी के समक्ष बालिका अपने बयान में बताई कि गौतम राठिया उसे शादी का प्रलोभन देकर भगा ले गया और विभिन्न स्थानों में रखा और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया है। बालिका के कथन व मेडिकल रिपोर्ट पर प्रकरण में धारा 366, 376 आईपीसी एवं 4,6 पोक्सो एक्ट की धारा विस्तारित कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# कार पर गांजा तस्करी कर रहे दो आरोपी गिरफ्तार

❐ कार में रखा 20 किलो गांजा और स्विफ्ट कार जब्त, आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही

❐ ओडिशा से गांजा लेकर निकले तस्करों की सूचना पर कटकलिया रोड में नाकेबंदी कर आरोपियों को पुलिस टीम ने पकड़ा



**रायगढ़।** सीमावर्ती राज्य ओडिशा, झारखंड से गांजे की तस्करी की संभावना को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा लैलूंगा, तमनार धरमजयगढ़ थाना प्रभारी को क्षेत्र में सूचना संकलन सुदृढ कर मुखबीर एवं पुलिस स्टाफ लगाकर प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही का निर्देश दिया गया है, निर्देशों के पालन में थाना प्रभारी लैलूंगा उपनिरीक्षक रमाशंकर तिवारी को गांजा रेड कार्यवाही में सफलता मिली है। लैलूंगा पुलिस द्वारा तस्करों के ओडिशा से गांजा लेकर निकले निकलने और लैलूंगा की ओर आने की मुखबीर सूचना में पाकरगांव कटकलिया रोड पर लगाई गई नाकेबंदी में पुलिस टीम के हाथ स्विफ्ट कार में गांजा तस्करी कर रहे दो शातिर गांजा तस्कर आये हैं जिनके कब्जे से 20 किलो गांजा बरामद हुआ है।

जानकारी के मुताबिक थाना प्रभारी लैलूंगा को मुखबिर से सूचना मिली कि ओडिशा पासिंग स्विफ्ट कार में दो व्यक्ति उड़ीसा से गांजा लेकर निकले हैं जिनके लैलूंगा क्रास कर आगे बढ़ने की संभावना है। थाना प्रभारी ने सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए उनके मार्गदर्शन पर जशपुर जिले के मुख्य मार्ग के अतिरिक्त गांव से होकर गुजरने वाले रास्तों पर अपने स्टाफ लगा कर रखा गया। आज सुबह ग्राम पाकरगांव, कटकलिया रोड पर नाकेबंदी कर रही पुलिस टीम के हाथ मुखबीर द्वारा बताया गया ओडिशा पासिंग स्विफ्ट कार ओ.आर. 02 ए.वी. 5032 आते दिखा जिसे रोका गया और वाहन में बैठे दो व्यक्तियों को नाकेबंदी की कारण से अवगत कराकर पुलिस टीम द्वारा विधिवत वाहन की तलाशी ली गई। वाहन के अंदर 20 पैकेट खाकी पेपर से लिपटा हुआ करीब 20 किलो गांजा कीमत करीब रु.2,40,000 का मिला जिसके परिवहन के संबंध में दोनों व्यक्ति ठमेंद्र यादव और सुनील सिंह से पूछताछ करने पर कोई समाधान कारक जवाब नहीं दिए और ना ही कोई वैध कागजात पेश किए। आरोपियों द्वारा गांजे की अवैध तस्करी कर ना पाए जाने से आरोपियों से 20 किलो गांजा तथा स्विफ्ट कार कीमत रु.5,00,000 जुमला कीमती रु.7,40,000 की जब्ती कर आरोपी (1) ठमेंद्र यादव पिता जेनामणी यादव उम्र 26 साल निवासी बगईझरिया थाना बागबाहर जिला जशपुर (2) सुनील सिंह पिता भोला सिंह राजपूत उम्र 38 साल निवासी शोभाछतरा थाना बोरिया जिला बलिया (उत्तर प्रदेश) हाल मुकाम बेहरा पाठ तालाब के पास झाड़सुगुड़ा (उड़ीसा) पर थाना लैलूंगा में धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी लैलूंगा उपनिरीक्षक आर. एस. तिवारी के नेतृत्व में कार्यवाही में सहायक उपनिरीक्षक चंदन सिंह नेताम, प्रधान आरक्षक सोमेश गोस्वामी, जयशरण चंद्रा, आरक्षक हेलारियुस तिर्की, जॉन प्रकाश टोप्पो की अहम भूमिका रही है।

# 6 जुआरियों से 17,000 रुपए नगद के साथ सट्टा पट्टी जब्त

❐ सट्टा-पट्टी पर कार्रवाई जारी, साइबर सेल और तमनार पुलिस ने 6 अलग-अलग स्थानों पर की कार्यवाही



**रायगढ़।** एसएसपी रायगढ़ सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर साइबर सेल और तमनार पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से अलग-अलग टीमें बनाकर कल शाम सुनियोजित तरीके से तमनार के (1) धौंराभाठा, (2) बाजारपारा धौंराभाठा, (3) धौंराभाठा चौक, (4) बीईओ ऑफिस तमनार के पास, (5) बस स्टैंड तमनार (6) बाजार पारा तमनार में छापेमारी कर सट्टा रेड कार्यवाही किया गया। इस दौरान सट्टा पट्टी लिखने वाले व्यक्ति रंगे हाथ पकड़े गए जिनसे नकद रूपयों के साथ सट्टा-पट्टी पर्चा बरामद हुआ है। कल सट्टा अभियान में पकड़े गये 06 आरोपियों से कुल रु.17,000 नगद रुपए और सट्टा पट्टी की जप्ती कर आरोपियों पर थाना तमनार में धारा 4 (क) सार्वजनिक द्युत अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। सट्टा रेड की कार्यवाही में साइबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, थाना तमनार के प्रधान आरक्षक देव प्रसाद राठिया, पारसमणी बेहरा, संतोष कुर्रे, महिला प्रधान आरक्षक ऊषा तिर्की, साइबर सेल के आरक्षक प्रशांत पंडा, पुष्पेंद्र जाटवार, प्रदीप तिवारी, राजेश खांडे, सुरेश सिदार शामिल थे।

सट्टा रेड कार्रवाई में पकड़े गये आरोपी-

(1) ग्राम धौराभांठा में आरोपी नीलाम्बर पटेल पिता हेमलाल पटेल उम्र 40 वर्ष सा. झिंकाबहाल थाना से सट्टा पट्टी पर्ची, एक डाट पेन एवं नगदी रकम 2850 रूपये।

(2) बाजारपारा धौराभांठा में सदानंद बैरागी पिता अलेख बैरागी उम्र 35 वर्ष सा. बाजार पारा धौराभांठा थाना तमनार से सट्टा पट्टी पर्ची, एक डाट पेन एवं नगदी रकम 2870 रूपये।

(3) ग्राम धौराभांठा चौक में सीद्दीक खान पिता सादिक खान उम्र 52 वर्ष सा. धौराभांठा थाना तमनार सट्टा पट्टी पर्ची एक डाट पेन एवं नगदी रकम 2880 रूपये।

(4) बीईओ आफिस के सामने तमनार पर विजय शंकर बहिदार पिता घासीराम बहिदार उम्र 68 वर्ष सा. बहिदार पारा सट्टा पट्टी पर्ची एक डाट पेन एवं नगदी रकम 2920 रूपये।


(5) बस स्टैंड तमनार में माधव बेहरा पिता बिसीकेशन बेहरा उम्र 50 वर्ष सा. बेहरा पारा तमनार थाना तमनार सट्टा पट्टी पर्ची एक डाट पेन एवं नगदी रकम 2590 रूपये।

(6) बाजार पारा तमनार में नरहरी धोबा पिता चैतुराम धोबा उम्र 61 वर्ष सा0 बाजार पारा तमनार से सट्टा पट्टी पर्ची एक डाट पेन एवं नगदी रकम 2890 रूपये।

# जूटमिल पुलिस व साइबर सेल ने सट्टा खाईवाल समेत तीन आरोपी को किया गिरफ्तार

❐ आरोपियों से 3 मोबाइल, 4300 रु. नकदी और 8,500 रु. का सट्टा पट्टी विवरण जब्त

❐ टी20 क्रिकेट के फाइनल मैच पर लग रहे ऑनलाइन सट्टा पर रायगढ़ पुलिस ने की कार्यवाही



रायगढ। जिले में सट्टा पट्टी पर लगातार कार्यवाही के बीच रायगढ़ आज शाम एसएसपी रायगढ़ सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर जूटमिल थाना प्रभारी कमल किशोर पटेल द्वारा ऑस्ट्रेलिया साउथ अफ्रीका के बीच T20 फाइनल मैच में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा की संभावना पर साइबर सेल की टीम के साथ अपने मुखबीर व थाना जूटमिल के स्टाफ लगा कर रखा गया था। इसी बीच देर शाम जूटमिल क्षेत्र में मुखबीर सूचनाओं पर संयुक्त टीम द्वारा द्वारा तीन लगातार ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा पर कार्यवाही किया गया है। सटोरिए मोबाइल पर क्रिकेट सट्टा लगाने वालों से बॉल टू बॉल क्रिकेट सट्टा नोट किया जा रहा था। तीनों आरोपियों के पास से 3 मोबाइल, नगद रकम रु.4,300 तथा मोबाइल की जांच पर करीब रु.8500 का लगाए हुए क्रिकेट सट्टा का विवरण जप्त किया गया है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि गिरफ्तार आरोपियों में आरोपी शाहनवाज मलिक उर्फ सानू खाईवाल है जिसके अंडर अन्य दो आरोपी क्रिकेट सट्टा नोट कर रहे थे तीनों पर पृथक पृथक थाना जूट मिल में धारा 4 (क) द्युत अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है। थाना प्रभारी जूटमिल सब इंस्पेक्टर कमल किशोर पटेल के साथ प्रधान आरक्षक मोहम्मद दिलदार कुरैशी, आरक्षक बनारसी सिदार, शशि भूषण साहू, तथा साइबर सेल के आरक्षक धनंजय कश्यप, प्रशांत पंडा, प्रताप बेहरा, राजेश खंडे की अहम भूमिका रही है।

**आरोपीगण का विवरण -** 1. शाहनवाज मलिक उर्फ सानू पिता कुतुबुद्दीन मलिक उम्र 34 वर्ष निवासी मधुबनपारा थाना कोतवाली रायगढ़। 2. विष्णु प्रसाद चौहान पिता सुंदरलाल चौहान उम्र 40 वर्ष निवासी खरसिया रोड ग्राम जगतपुर थाना कोतवाली जिला रायगढ़। 3. दीपक यादव पिता ननकू यादव उम्र 35 वर्ष निवासी ग्रामराम भाटा संजय मैदान जगतपुर थाना कोतवाली जिला रायगढ़।

# पिकअप में कोयला चोरी कर परिवहन कर रहा आरोपी गिरफ्तार, वाहन और कोयला जब्त

❐ धरमजयगढ़ पुलिस की कार्यवाही



**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा के मार्गदर्शन पर कोयले के अवैध परिवहन पर थाना, चौकी प्रभारीगण मुखबिर व स्टाफ लगाकर पैनी नजर रखे हुए हैं तथा प्राप्त सूचनाओं पर कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में 25 फरवरी की रात्रि चौकी प्रभारी रैरूमाखुर्द उपनिरीक्षक मान कुंवर सिदार के नेतृत्व में धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर दुलियामुडा चौक के पास सोल्ड पिकअप में कोयला चोरी कर परिवहन कर रही पिकअप को पकड़ा गया है। वाहन का चालक आरोपी प्रसन्न वर्मा पिता रथ राम वर्मा उम्र 38 साल निवासी सोनपुर थाना कापू रायगढ़ के पास से कोयला परिवहन के संबंध में कागजात पेश करना कहने पर वाहन चालक के पास कोई कागजात नहीं था। वाहन में लोड करीब रु.10,000 का चुराया हुआ कोयला और सोल्ड सफेद रंग का पिकअप वाहन आरोपी से जब्त किया गया है। आरोपी के कृत्य पर थाना धरमजयगढ़ में इस्तगासा धारा 41(1+4) CrPC/ 379 IPC के तहत कार्यवाही कर आरोपी को रिमांड पर भेजा गया है। थाना धरमजयगढ़ के सुपरविजन अधिकारी एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के महत्वपूर्ण मार्गदर्शन पर कार्यवाही में उपनिरीक्षक मान कुमार सिदार, थाना धरमजयगढ़ के सहायक उपनिरीक्षक शांतिलाल टोप्पो, प्रधान आरक्षक लक्ष्मी कैवर्त, आरक्षक राजेंद्र राठिया, किशोर राठौर, पुष्पेंद्र सिदार, बीरबल टोप्पो और कमलेश केरकेट्टा की अहम भूमिका रही है।

# चोरी का अवैध कोयला परिवहन कर रहे दो ट्रेलर वाहनों पर पूंजीपथरा पुलिस ने की कार्यवाई

❐ दोनों ट्रेलर वाहन से 65 टन कोयला जब्त, आरोपियों को भेजा गया रिमांड पर

**रायगढ़।** खनिज के अवैध परिवहन तथा मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रतिबंध लगाने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर थाना, चौकी प्रभारी का अपने-अपने क्षेत्र में वाहनों की सघन चेकिंग किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सुबह माइनर एक्ट की कार्रवाई वाहन जांच दौरान अंकू ढाबा के पास पूंजीपथरा पुलिस ने जिंदल पार्क की ओर से आ रहे दो ट्रेलर वाहन सीजी 15 ए सी 5058 ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 12 एस 5895 में चोरी का कोयला परिवहन होने की मुखबिर पर रोका गया। वाहन चालकों से कोयला परिवहन के संबंध में कागजात की मांग करने पर ड्रायवरों के पास कोई वैध कागजात नहीं थे। चोरी का कोयला होने के संदेह पर दोनों ड्रायवर (1) दीपक दास मानिकपुरी पिता कमल दास मानिकपुरी उम्र 21 साल निवासी ढोटमा थाना जरहागांव जिला मुंगेली हाल मुकाम हिर्री थाना हिर्री जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़ (2) रमेश चौहान पिता रामविलास चौहान उम्र 36 साल निवासी करदहा कथौली थाना मरदहा जिला गाजीपुर (उत्तर प्रदेश) हाल मुकाम परसदा को मय वाहन थाना लाया गया। वाहन का वजन कराने पर दोनों वाहनों में क्रमश: 33 टन, 32 टन कोयला कीमत 1,84,000 रूपये का कोयला लोड़ मिला जिसकी विधिवत जप्ती कर दोनों आरोपियों पर थाना पूंजीपथरा में धारा 41(1+4)CrPC/379 IPC के तहत कार्रवाई कर आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया है। कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक विजय एक्का, आशिक रात्रे, प्रधान आरक्षक गौतम ठाकुर, आरक्षक विद्या सिदार, अधिकांत प्रधान की अहम भूमिका रही है।




स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480